## राजनीतिक घमासानः अनुराग ढांडा के पनौती वाले बयान पर मचा बवाल




**महानगर मेट्रो**

**नई दिल्ली।** देश की राजनीति में शब्दों के बाण अब मयार्दा की सीमाएं लांघने लगे हैं। हाल ही में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता अनुराग ढांडा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई टिप्पणी ने एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। ढांडा ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री के लिए 'पनौती' शब्द का इस्तेमाल करते हुए उन्हें देश के लिए अशुभ बताया।

**विवाद की मुख्य बातें**

**बयान का संदर्भः** अनुराग ढांडा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस/जनसभा के दौरान केंद्र सरकार की विफलताओं को गिनाते हुए कहा कि "मोदी जी देश के लिए पनौती साबित हो रहे हैं।"

**आप का तर्क** : ढांडा ने बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक फैसलों का हवाला देते हुए इस तीखे शब्द का प्रयोग किया।

भाजपा का पलटवारः भारतीय जनता पार्टी ने इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा प्रवक्ताओं का कहना है कि हार के डर से बौखलाई 'आप' अब गाली-गलौज की राजनीति पर उतर आई है।

**सियासी गलियारों में हलचल**

इस बयान के बाद सोशल मीडिया से लेकर टीवी डिबेट्स तक बहस छिड़ गई है। जहाँ एक तरफ विपक्षी दल इसे 'जनता की आवाज' का कड़वा लहजा बता रहे हैं, वहीं सत्तापक्ष इसे देश के सर्वोच्च पद का अपमान मान रहा है।

राजनीति में आलोचना नीतियों की होनी चाहिए, न कि व्यक्ति की गरिमा पर प्रहार। 'पनौती' जैसे शब्दों का प्रयोग राजनीतिक विमर्श के गिरते स्तर को दशार्ता है। – **राजनीतिक विश्लेषक**

**महानगर मेट्रो की नजर में**

चुनावों के नजदीक आते ही इस तरह की बयानबाजी तेज होना स्वाभाविक है, लेकिन जनता यह देख रही है कि असल मुद्दों (शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास) पर बात हो रही है या सिर्फ व्यक्तिगत छींटाकशी पर। क्या यह बयान आम आदमी पार्टी के लिए वोट बटोरने का जरिया बनेगा या भाजपा इसे 'अपमान' का मुद्दा बनाकर सहानुभूति हासिल करेगी? यह आने वाला वक्त ही बताएगा।

## अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का फरार आरोपी गिरफ्तार




**महानगर मेट्रो**

**राजनांदगांव।** जिले की सोमनी पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 21 जुलाई 2025 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक टाटा ट्रक में अवैध रूप से गांजा छुपाकर उड़ीसा से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है, जो दुर्ग से राजनांदगांव जीई रोड होते हुए गुजरने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सोमनी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। मामले में पूर्व में थाना सोमनी में अपराध क्रमांक 154/2026, धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत दो आरोपियों—भरत कुमार सिंह (निवासी छपरा, बिहार) एवं पुरन लाल लड़िया उर्फ राजू (निवासी नरसिंहपुर, मध्यप्रदेश, वर्तमान उड़ीसा)—को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। प्रकरण में फरार आरोपी पवन रात्रे उर्फ इमरान (निवासी जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़) की लगातार तलाश की जा रही थी। पुलिस ने आरोपी का पता लगाकर उसे हिरासत में लिया और पूछताछ के दौरान उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामला अजमानतीय होने के कारण आरोपी को न्यायिक रिमांड हेतु माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह, उपनिरीक्षक बलदाऊ चन्द्राकर, प्रधान आरक्षक डूलेश्वर साहू, आरक्षक विनोद महिलागे एवं मनोज हरमुख का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा।

|| आवश्यकता ||

दैनिक समाचार पत्र के लिए गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के विभिन्न जिलों के गाँवों, नगरों एवं कस्बों में जिला ब्यूरो चीफ, सर्किल ब्यूरो चीफ, संवाददाता अथवा पत्रकार प्रतिनिधि इसके वे ही पात्र होंगे जो:-

➤ समाचारों को सुव्यवस्थित ढंग, शुद्ध व सरल हिन्दी भाषा एवं अच्छे अक्षरों में लिखकर भेज सकें।
➤ अपने स्वयं के गाँव के साथ आस-पास के भी समाचारों का संकलन कर भेज सकें।
➤ समाचारों के साथ-साथ पत्र के सदस्य बना सकें और विज्ञापन भी भेज सकें।

अपने परिचय सहित पत्र या पत्र व्यवहार द्वारा सम्पर्क करें:

महानगर मेट्रो
पत्रव्यवहार
सी-8- रिची हाउस, स्वामीनारायण मंदिर के सामने मणिनगर अहमदाबाद गुजरात-380008
मो.: 9638877700,9662420070
mahanagarmetro7@gmail.com

# बोडकदेव का ब्लैक बॉक्सः खाकी की ढाल, जयपाल का जाल और तुषार का ब्लू साम्राज्य!

**महानगर मेट्रो**

**अहमदाबाद, (पवन माकन)।** शहर का सबसे वीआईपी इलाका बोडकदेव अब अपनी रईसी के लिए नहीं, बल्कि वर्दी वाले भ्रष्टाचार के लिए बदनाम हो रहा है। जिस इलाके में कानून का राज होना चाहिए था, वहां आज एक समानांतर सरकार चल रही है। इस काले साम्राज्य का बेताज बादशाह है—वहीवतदार जयपाल। सूत्र बताते हैं कि जयपाल ने खाकी की गरिमा को 'हफ्ते' की किश्तों में बेच दिया है।

**1. मेपल कंट्री रोड पर 'मयार्दा' का कत्लः ब्लू लग्जरियस स्पा**

थलतेज के मेपल कंट्री रोड पर स्थित ब्लू लग्जरियस स्पा आज चर्चा के केंद्र में है।

**मालिक तुषार का 'कच्चा चिट्ठा':** सूत्रों के अनुसार, यहाँ का मालिक तुषार स्पा की आड़ में हाई-प्रोफाइल देह व्यापार का सिंडिकेट चला रहा है।



**थाईलैंड कनेक्शनः** यहाँ विदेशी युवतियों, विशेषकर थाईलैंड से आई लड़कियों को 'टूरिस्ट वीजा' पर लाकर अवैध रूप से काम कराया जा रहा है।

खुला चैलेंजः पुलिस थाने के पास होने के बावजूद यहाँ सरेआम जिस्मफरोशी का धंधा 'जोरदार' तरीके से चालू है। क्या पुलिस की चुप्पी का दाम चुकाया जा चुका है?

**2. 'एक्यम स्पा': जहाँ कानून की 'बत्ती' गुल है**

एक्यम स्पा अब रिलैक्सेशन सेंटर नहीं, बल्कि अपराध का अड्डा बन चुका है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि यहाँ रात होते ही रईसजादों और सट्टेबाजों का जमावड़ा लगता है। आखिर कौन है जो इन सेंटर्स को 'सेफ पैसेज' मुहैया करा रहा है?

**3. 'जयपाल' का आतंकः** पुलिस और अपराधियों के बीच का 'कलेक्शन एजेंट' बोडकदेव में बच्चा-बच्चा जानता है कि जयपाल कौन है। कहने को वह सिस्टम का हिस्सा है, लेकिन हकीकत में वह अपराधियों का 'अभयदान' है।

महीने का करोड़ों का टर्नओवरः क्रिकेट सट्टा, अवैध कॉल सेंटर और स्पा सेंटर्स से आने वाला 'हफ्ता' जयपाल के जरिए कथित तौर पर ऊपर तक पहुँचता है।

पीआई की बेबसी या मिलीभगत?: स्थानीय थाने के पीआई की खामोशी चीख-चीख कर कह रही है कि सिस्टम में 'वहीवतदार' का रसूख कानून से ऊपर हो चुका है।

**हॉट सवालः जवाब कौन देगा ?**

"क्या अहमदाबाद के पॉश इलाकों को इन अपराधियों के हवाले कर दिया गया है? क्या कमिश्नर साहब को पता है कि उनके मातहत एक 'जयपाल' अपनी खुद की समानांतर पुलिस चला रहा है?"

**एजेंसियां क्यों हैं मौन?**

**डीसीपी** : अपने ही इलाके में हो रहे इस नंगे नाच से अनजान क्यों हैं?

**पीसीबी और क्राइम ब्रांचः** क्या इनकी दबिश सिर्फ छोटे अपराधियों तक सीमित है? जयपाल और तुषार जैसे 'मगरमच्छों' पर जाल कब डलेगा?

**महानगर मेट्रो की चेतावनी**

बोडकदेव की जनता अब डर के साये में नहीं, बल्कि गुस्से में है। अगर मेपल कंट्री रोड के 'ब्लू लग्जरियस स्पा' और एक्यम जैसे अड्डों पर ताले नहीं लटके, और जयपाल जैसे बिचौलियों का हिसाब नहीं हुआ, तो यह चिंगारी जन-आंदोलन का रूप लेगी। वर्दी पर लगा यह दाग धोइये कमिश्नर साहब, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए!




**अगली कड़ी में पढ़ें:** कौन-कौन से सफेदपोश लोग 'जयपाल' के दरबार में हाजिरी लगाते हैं? और तुषार के स्पा में आने वाले वीआईपी चेहरों का खुलासा!

## धमाकाः अहमदाबाद के पॉश इलाकों में लूट की फैक्ट्रियां! कॉल सेंटर घोटाले के आरोपी और खाकी-खादी का अटूट गठजोड़!

**महानगर मेट्रो**

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद अब केवल हेरिटेज सिटी या व्यापार का केंद्र नहीं रहा, बल्कि अवैध कॉल सेंटरों का 'गढ़' बन चुका है। एस.जी. हाईवे, प्रहलाद नगर, बोडकदेव और सिंधुभवन जैसे पॉश इलाकों में आलीशान ऑफिसों की आड़ में विदेशी नागरिकों को लूटने का खेल दिन-रात चल रहा है। हाल ही में पकड़े गए आरोपियों के तार कहाँ जुड़े हैं, इसका चौंकाने वाला खुलासा महानगर मेट्रो कर रहा है।

**अहमदाबाद के किन इलाकों में है यह नेटवर्क?**

एस.जी. हाईवे और बोडकदेवः यहाँ बड़ी कॉर्पोरेट ऑफिसों में रात के समय अमेरिकी और कनाडाई नागरिकों को निशाना बनाया जाता है। नवरंगपुरा और आश्रम रोडः पुरानी इमारतों में छोटे स्तर पर शुरू हुए सेंटर अब करोड़ों के टर्नओवर तक पहुँच गए हैं।

पूर्वी अहमदाबादः निकोल और ओढव जैसे इलाकों में भी अब यह दूषण फैल रहा है, जहाँ सस्ते मकानों और डेटा चोरी का काम आसानी से होता है।

**आरोपियों का 'सेफ पैसेज' मॉडल**

अहमदाबाद में पकड़े गए आरोपियों की **पूछताछ में जो विवरण सामने आए हैं, उनके अनुसार:**

1. वहीवटदारों की भूमिकाः प्रत्येक जोन में पुलिस स्टेशन स्तर पर 'वहीवटदार' तय होते हैं, जिन्हें हर महीने लाखों रुपये का 'हफ्ता' पहुँचाया जाता है। इस हफ्ते के बदले आरोपियों को छापेमारी की पहले ही जानकारी मिल जाती है।




**2. नेताओं का संरक्षणः** कई आरोपी स्थानीय पार्षदों या नेताओं के साथ करीबी संबंध रखते हैं। उनके कार्यक्रमों में फंड देकर या उनके साथ फोटो खिंचवाकर ये अपराधी समाज में 'प्रतिष्ठित' बनने का ढोंग करते हैं।

**3. किराए के ऑफिसों का रहस्यः** ये कॉल सेंटर अक्सर उन इमारतों में चलते हैं जिनके मालिक राजनीतिक प्रभाव रखते हैं। किराए के नाम पर काले धन को सफेद किया जाता है।

**महानगर मेट्रो के तीखे सवालः**

पुलिस कमिश्नर से सवालः अहमदाबाद क्राइम ब्रांच और साइबर सेल की नाक के नीचे सालों तक ये सेंटर कैसे चलते रहे? क्या निचले स्तर पर होने वाले 'वहीवट' की जानकारी ऊपर तक नहीं है?

गृह विभाग से सवालः जब अमेरिकी एजेंसियां दबाव डालती हैं, तभी कार्रवाई क्यों होती है? स्थानीय स्तर पर स्वतः जांच क्यों नहीं की जाती?

आरोपी हर्षिल रावल और अन्यः क्या ये आरोपी सिर्फ मोहरे हैं? इनके पीछे बैठे असली 'किंगमेकर' नेताओं के खिलाफ कब एक्शन लिया जाएगा?

अहमदाबाद की जनता के लिए चेतावनीः अगर आपके घर या ऑफिस के आसपास कोई ऐसा ऑफिस है जहाँ केवल रात में ही हलचल रहती है और अनजान लोगों का आना-जाना ज्यादा है, तो सावधान हो जाएं। ये लुटेरे आपके शहर की साख को बट्टा लगा रहे हैं।

**महानगर मेट्रो की अपीलः** अगर आपके पास अहमदाबाद के किसी भी इलाके में चल रहे ऐसे अवैध कॉल सेंटर या उनके संचालकों के बारे में कोई भी सबूत है, तो हमसे सीधा संपर्क करें। हम आश्वासन देते हैं कि आपका नाम गुप्त रखा जाएगा और इस भ्रष्ट गठजोड़ को हम बेनकाब करेंगे।

## वादों की 'शब्दावली' और पुनर्जन्म का दांवः इस जन्म का हिसाब कब देगी सरकार ?




**महानगर मेट्रो**

**नई दिल्ली/कोलकाता।** देश की राजनीति में जब असल मुद्दे—जैसे कमरतोड़ महंगाई और रिकॉर्ड तोड़ बेरोजगारी—जवाब मांगते हैं, तब अक्सर 'शब्द-जाल' का सहारा लिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाषण शैली इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। हाल ही में पश्चिम बंगाल के मालदा में एक रैली के दौरान उन्होंने भावुक कार्ड खेलते हुए कहा, "मुझे लगता है कि पिछले जन्म में मैं बंगाल में जन्मा था या अगले जन्म में बंगाल की ही किसी मां की कोख से जन्म लूंगा।" लेकिन सवाल यह है कि क्या यह सिर्फ जनता का प्यार है या गिरती साख को बचाने के लिए बुना गया एक काव्यात्मक जाल?

**भावुकता की आड़ में छिपे कड़वे सच**

प्रधानमंत्री की इस शब्द-रमत के पीछे कई गहरे राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक कारण नजर आते हैं:

**1. विफलताओं से ध्यान भटकानाः**

जब नेता के पास देने के लिए ठोस उपलब्धियां नहीं होतीं, तब वह 'काव्य' और 'कल्पना' पर उतर आता है। नारा दिया गया था कि "हवाई चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज में उड़ेगा," लेकिन हकीकत यह है कि आज आम आदमी के पैर में चप्पल भी सलामत नहीं बची है। जब जनता अपनी बदहाली पर सवाल करती है, तब उन्हें 'जन्म-जन्मांतर' के रिश्तों की दुहाई देकर शांत करने की कोशिश की जाती है।

**2. चतुर राजनीति और डबल इंजन का मोहः**

बंगाल में बीजेपी को सत्ता चाहिए, ताकि उनके 'कॉर्पोरेट मित्रों' की राह आसान हो सके। इस महत्वाकांक्षा को छिपाने के लिए "मैं तुम्हारा ही हूँ" जैसी बातें कही जाती हैं। टीएमसी को नीचा दिखाने और खुद को बंगाल का 'पुत्र' सिद्ध करने के लिए पुनर्जन्म जैसे अंधविश्वासों का सहारा लिया जाता है, क्योंकि हमारा समाज आज भी तर्कों से ज्यादा भावनाओं और कहानियों में बह जाता है।

**3. अंधविश्वास और चुनावी निवेशः**

भारत का एक बड़ा वर्ग आज भी पुनर्जन्म और कर्मों के फेर में विश्वास रखता है। प्रधानमंत्री इस नब्ज को बखूबी पहचानते हैं। जब वे कहते हैं कि "मुझे चौराहे पर सजा देना," तो वे जानते हैं कि अभेद्य सुरक्षा घेरे में रहने वाले नेता तक कोई चूं भी नहीं कर सकता। लेकिन यह संवाद जनता की तालियां बटोरने के लिए 'सुपरहिट' निवेश साबित होता है। जनता को यह सोचने की जरूरत है कि जो सत्ता इस जन्म की समस्याओं—जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार—का समाधान नहीं दे सकी, वह अगले जन्म में क्या उखाड़ लेगी? जिम्मेदारी से बचने के लिए बातें करना राजनीतिक कलाकारी है।

## साल्हेवारा के देवपुराघाट मे रुद्र महायज्ञ 9 अप्रेल से शुरू...!

**महानगर मेट्रो**

**साल्हेवारा।** खैरागड जिला अंतर्गत ग्राम साल्हेवारा से दो किलोमीटर पहले देवपुरा मे रुद्र महायज्ञ 9 अप्रैल 2026.से देवपुरा घाट साल्हेवारा,मे रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया जा रहा है ग्राम देवपुरा घाट में यज्ञ एवं शिव महापुराण 9 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक चलेगी, श्री शिव महापुराण कथा व्यास वेद विभूषण भागवत अलंकार भारत गौरव मोहन नारायण शास्त्री श्यामपुर कांपा बेमेतरा से होंगे यहां पूरे कार्यक्रम जनकल्याण विश्व कल्याण की मंगल कामना से किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन आवाहित देवी देवताओं का पूजन आराधना अभिषेक शिव सहस्त्रनाम अर्चना सुबह 8:00 बजे से पूजा प्रारंभ होगी दोपहर 1:00 बजे तक चलेगा 2:00 बजे से श्री शिव महापुराण कथा प्रतिदिन होगा जिसमें पार्थिव शिवलिंग पूजन अभिषेक रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा।



## जिला कांग्रेस कमेटी में हनी ग्रेवाल को महामंत्री की जिम्मेदारी

**महानगर मेट्रो**

**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी की नई बॉडी में कांग्रेस नेता हनी ग्रेवाल को महामंत्री नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। जिनकी सक्रियता को देखते हुए जिला संगठन ने उन्हें अहम जिम्मेदारी दी है। अपनी नियुक्ति को लेकर हनी ग्रेवाल ने संगठन के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। वहीं संगठन की मजबूती के लिए लगातार प्रयासरत रहने और जारी निदेर्शों के गंभीरता के साथ अमल करने की बात कही है। बधाई देने पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव पूर्व जनपद तुलादास साहू पूर्व जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव सरपंच भानपुरी प्रभा दास वैष्णव सरपंच दिल्लू साहू ढोडिया उपसरपंच रानीतरई ओमप्रकाश साहू सरपंच प्रतिनिधि धामनसरा कृत लाल पटेल बूथ प्रभारी मलपुरी कुंदन चंद्राकर सेक्टर प्रभारी धर्मेन्द्र साहू युवा नेता मुकेश निरमकर सूर्या वैष्णव पूर्व पार्षद मनीष साहू पूर्व पार्षद महेश साहू सहित कांग्रेसी ने बधाई दी।



## पीएसआई के फ्लैट में आधी रात को फायरिंग, महिला मित्र और खुद अधिकारी घायल

**महानगर मेट्रो**

**राजकोट।** शहर के पॉश इलाके में स्थित एक फ्लैट में बीती रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक पुलिस उपनिरीक्षक की सर्विस रिवॉल्वर से अचानक फायरिंग हो गई। इस घटना में पीएसआई एन.के. पंड्या और उनके साथ मौजूद एक महिला मित्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

**कैसे हुई घटना?**

जानकारी के अनुसार, घटना देर रात की है जब पीएसआई एन.के. पंड्या अपने फ्लैट पर मौजूद थे। बताया जा रहा है कि उनकी सर्विस रिवॉल्वर से अचानक गोली चल गई। घायल अधिकारीः गोली पीएसआई पंड्या के हाथ के आर-पार निकल गई। महिला मित्रः वही गोली वहां मौजूद उनकी महिला मित्र की कमर के हिस्से में जा लगी। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। दोनों घायलों को तत्काल नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका उपचार चल रहा है।

**पुलिस की कार्रवाई और सस्पेंस**

घटना की जानकारी मिलते ही शहर के आला अधिकारी और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस इस मामले में कई एंगल से जांच कर रही हैः हादसा या कुछ और? क्या गोली गलती से चली (मिसफायर) या इसके पीछे कोई विवाद था ? हथियार की जांचः सर्विस रिवॉल्वर को जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। बयान दर्जः पुलिस अस्पताल में घायलों की स्थिति स्थिर होने का इंतजार कर रही है ताकि उनके आधिकारिक बयान लिए जा सकें। हम मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। प्रथम दृष्टया यह हथियार की साफ-सफाई या देखरेख के दौरान हुई दुर्घटना लग रही है, लेकिन सटीक कारणों का पता जांच के बाद ही चलेगा।" – **पुलिस अधिकारी, राजकोट**

**शहर में चर्चा का विषय**

एक पुलिस अधिकारी के घर पर आधी रात को हुई इस फायरिंग




ने शहर में कई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। विशेष रूप से महिला मित्र की उपस्थिति और फायरिंग की परिस्थितियों को लेकर पुलिस विभाग में भी हड़कंप मचा हुआ है।

# लोकमंडई में सियासी 'विभीषण'! नेता पर भीतरघात के आरोप

**महानगर मेट्रो**

**राजनांदगांव।** गौरतलब है कि डोंगरगांव ब्लॉक के तुमडीबोड में लोकमडई आयोजन किया जा रहा जो अब विवाद की भेंट चढ़ते जा रहा है उसमें एक नेता की नेता की बेहद चर्चा में है। उनके लिए मायने सिर्फ और सिर्फ व्यक्तिगत स्वार्थ मायने रखती है उसने इस बात को भी संभव कर दिखाया कि सांप और नेवला भी एक हो सकते हैं गौरतलब है की 2 साल पूर्व हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ खुलकर बगावत करने वाले इस नेता ने पार्टी प्रत्याशी को गर्त में डालने का भरसक प्रयास किया यही कारण की पार्टी प्रत्याशी महज कुछ ही मतों से चुनाव हार गए इसके पहले पाठकों को बता दे कि जब पूर्व में कांग्रेस की सरकार थी तब यही विभीषण नेता स्थानीय विधायक से सांठगांठ कर करोड़ों रुपए के ठेके अपने अंदर में हथिया लिए थे कभी ऐसा आपने सुना है कि सरकार आपकी हो और काम तुम्हारा हो ऐसा पॉसिबल जब होता है जब दोनों में आपसी कुछ संधि हो या गठबंधन हो ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि पार्टी विद डिफरेंट की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी छोटे-मोटे कार्यकताओं को पदाधिकारी को अनुशासनहीनता के आरोप में निष्कासित या बर्खास्त करती है लेकिन स प्रमाण मौजूद होने के बावजूद भी इस विभीषण पर आखिर हाथ क्यों नहीं डाला जा रहा है बड़ा सवाल है लेकिन जवाब सरकार आने के 2 साल बाद भी अब तक जनता को नहीं मिल पा रहा है। जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब भाजपा के उक्त कथित नेता की जबरदस्त ठेकेदारी चलती थी यह बात हंड्रेड परसेंट प्रमाणित है और आपने अपने लेख में भी स्पष्ट किया है पुर्व में हमने इस बात को कई बार इंगित किया है उसके बावजूद भी इस मसले पर किसी भी भाजपा नेता ने प्रतिक्रिया नहीं दी दूसरी ओर विधानसभा चुनाव में जबरदस्त भीतर घात की शिकायत सप्रमाण उच्च स्तर तक भी गई है उसके बावजूद भी उक्त विभीषण नेता पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है यह बड़ा रहस्यमय चीज है कि आखिर उक्त नेता ने कहीं बड़े नेताओं के रहस्य को अपने अंदर तो नहीं समेट लिए हुए हैं।



# लोक मंडई मेले में सख्ती: शराबी चालक, चाकूबाज पर कार्रवाई, व्यवस्था दुरुस्त

**महानगर मेट्रो**

**राजनांदगांव।** ग्राम तुमडीबोड़ में आयोजित तीन दिवसीय लोक मंडाई एंव कृषी मेला के दौरान पुलिस चौकी तुमडीबोड़ द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के दिशा-निर्देश में पुलिस चौकी प्रभारी तुमडीबोड, निरीक्षक दिलीप कुमार पटेल द्वारा मेला स्थल तुमडीबोड़-डोंगरगढ़ रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान 02 कार एवं 02 मोटरसाइकिल चालकों को अत्यधिक शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने पर उनके वाहन जप्त कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। साथ ही ग्रामीणो को नशे में वाहन न चलाने के संबंध में जागरूक किया गया। मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था हेतु तैनात राजनादगांव पुलिस बल ने अचानक हुई बारिश के दौरान अफरा तफरी से भीड़ में अपने परिजनों से बिछड़े 07 बच्चों को पुलिस ने सुरक्षित परिवार वालो का पता तलाश कर उनके परिजनों से मिलाया, जिससे परिजनों में राहत एवं खुशी का माहौल बना। इसी दौरान मेला स्थल में एक व्यक्ति द्वारा चाकू लेकर लोगों को भयभीत करने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी जिनेन्द्र पाल पिता जयपाल कोरे उम्र 22 वर्ष साकिन तुमडीबोड़ रामनगर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू, (जिसकी कुल लंबाई 30.4 से.मी. फल 19.4 से.मी. एवं मूठ 11 से.मी.) बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना चौकी तुमडीबोड़ में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। मड़ाई मेला दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपराधियों पर राजनांदगांव पुलिस को शक्त नजर रखी गई है।



# मतदाताओं के नामों को हटा दिया गया: तृणमूल को खोने की संभावना कितनी वास्तविक है?

**महानगर मेट्रो**

**कोलकत्ता,( रफीक अनवर )।** पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर विवाद तेज हो गया है। सवाल उठ रहा है कि क्या यह सत्तारूढ़ अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को चुनावी नुकसान पहुंचा सकता है या यह महज एक प्रशासनिक प्रक्रिया है। वास्तविकता यह है कि मतदाता सूची से नाम हटना सीधे वोट कम होना नहीं है, बल्कि संभावित मतदाताओं का मतदान से बाहर हो जाना है। इसका असर खासतौर पर उन सीटों पर पड़ सकता है जहां मुकाबला बेहद करीबी हो, क्योंकि थोड़े वोट भी परिणाम बदल सकते हैं।

टीएमसी की ताकत उसका मजबूत जमीनी संगठन और सामाजिक योजनाओं के जरिए मतदाताओं से जुड़ाव है। ऐसे में, कुछ नाम हटने के बावजूद पार्टी अपने संगठन के दम पर मतदान प्रतिशत (टर्नआउट) को बनाए रख सकती है। इसलिए यह उसके लिए चुनौती तो है, लेकिन निर्णायक खतरा नहीं। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस मुद्दे को प्रशासनिक पारदर्शिता पर सवाल उठाने के लिए इस्तेमाल कर सकती है। खासकर शहरी और अस्थिर (स्विंग) मतदाताओं के बीच इसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ सकता है। सबसे ज्यादा असर उन्हीं सीटों पर होगा जहां जीत का अंतर बहुत कम होता है। हालांकि, अकेले यह मुद्दा पूरे राज्य के चुनावी परिणाम तय नहीं कर सकता, क्योंकि चुनाव कई का-रकों—उम्मीदवार, स्थानीय मुद्दे, संगठन और रणनीति—पर निर्भर करता है। आगामी चुनावों से पहले विशेष गहन संशोधन प्रक्रिया को लेकर आरोप हैं कि बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। यह विवाद कुछ परिस्थितियों में राजनीतिक समीकरण बदल सकता है:

1. **फर्जी मतदाताओं की सफाई की धारणा** : यदि यह स्थापित होता है कि एसआईआर के जरिए अवैध या फर्जी नाम हटाए जा रहे हैं, तो विपक्ष—खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों (उत्तर व दक्षिण 24 परगना, नादिया, मालदा, मुर्शिदाबाद) में—राजनीतिक लाभ उठा सकता है। इससे टीएमसी के वोट बैंक पर दबाव पड़ सकता है।

2. **वास्तविक मतदाताओं के हटने की धारणा** : अगर लोगों को लगता है कि वैध मतदाताओं को हटाया जा रहा है, तो टीएमसी ह्यपीड़ितह्न की छवि बनाकर अल्पसंख्यक, गरीब और हाशिए के वर्गों में समर्थन मजबूत कर सकती है।

3. **शहरी प्रतिक्रिया:** कोलकाता, हावड़ा, आसनसोल जैसे शहरों में बड़ी विसंगतियां सामने आने पर मध्यम वर्ग में प्रशासन के खिलाफ नाराजगी बढ़ सकती है, जिससे परिणाम अप्रत्याशित हो सकते हैं।

4. ग्रामीण प्रभाव : जंगलमहल और उत्तर बंगाल के कुछ क्षेत्रों में दस्तावेजों की कमी से नाम छूटने पर यह बड़ा मुद्दा नहीं बनता। यहाँ मजबूत संगठन वाली पार्टी को फायदा मिल सकता है।

5. ध्रुवीकरण की संभावना : यदि यह मुद्दा धर्म, पहचान या नागरिकता से जुड़ता है, तो मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर दिनाजपुर जैसे क्षेत्रों में ध्रुवीकरण बढ़ सकता है, जिससे टीएमसी और भाजपा को लाभ, जबकि छोटे दलों को नुकसान हो सकता है।

6.न्यायिक हस्तक्षेप: अदालत के हस्तक्षेप या पुनः सत्यापन के आदेश से राजनीतिक समीकरण जटिल हो सकते हैं और प्रशासनिक क्षमता पर सवाल उठ सकते हैं।






**इस पूरे विवाद के केंद्र में तीन प्रमुख कारक हैं:**

**धारणा** : जनता क्या मानती है

**क्षेत्रीय प्रभाव:** किन इलाकों में असर

**संगठन क्षमता:** पार्टियां मतदाताओं को कितना मोबलाइज कर पाती हैं

मतदाता सूची विवाद चुनाव को अधिक प्रतिस्पर्धी और संवेदनशील बना सकता है, खासकर करीबी मुकाबले वाली सीटों पर। लेकिन यह अकेले किसी पार्टी की जीत या हार तय करने वाला निर्णायक कारक नहीं है—बल्कि यह कई अन्य कारकों के साथ मिलकर परिणामों को प्रभावित कर सकता है।

# गैंदाटोला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 सम्पन्न



**महानगर मेट्रो**

**छुरिया।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर गैंदाटोला भाजपा मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू ने कार्यक्रम में पधारे सभी वक्ताओं एवं कार्यकताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण महाभियान कार्यकताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा, जिसमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की विचारधारा, एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सिद्धांतों को समझने और उन्हें जमीनी स्तर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से संगठन की मजबूती और कार्यकताओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। खिलेश्वर साहू ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमेशा संगठन की शक्ति को कार्यकताओं के समर्पण से जोड़ा और आज का यह आयोजन उसी भावना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने मंडल के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकताओं को भी बधाई देते हुए कहा कि उनकी दिन-रात की मेहनत और समर्पण के कारण ही यह कार्यक्रम सफल हो पाया है। अंत में उन्होंने सभी से आह्वान किया कि पंडित जी की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# RBSE 12वीं परिणाम में सेंट सोल्जर का जलवा

## 17 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत+ और 35 से अधिक ने 80 प्रतिशत+ अंक हासिल कर रचा सफलता का इतिहास

**महानगर मेट्रो**

**टोंक, (पीयूष गौत्तम)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं के परिणाम में टोंक स्थित सेंट सोल्जर शिक्षा समिति के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस वर्ष विद्यालय के 17 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की, जबकि 35 से अधिक विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर गौरव बढ़ाया। कला वर्ग में सुमन मीणा (95.40 प्रतिशत) ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उनके साथ मानसी बैरवा (95 प्रतिशत), केशव चौपड़ा (94.2 प्रतिशत), शिवानी चौधरी (94 प्रतिशत), शिवानी मीणा (93.4 प्रतिशत), शिवानी नागर (91.80 प्रतिशत) और नीतू जाट (91.4 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं विज्ञान वर्ग में मोनिका मीणा (93.80 प्रतिशत), तिया अग्रवाल (93.40 प्रतिशत), खुशी खंगार (93 प्रतिशत), अदिति धाकड़ (92.40 प्रतिशत), नेहा अलवीरा (91 प्रतिशत), आरव जैन (91 प्रतिशत) और युवराज शर्मा (91 प्रतिशत) ने बेहतरीन अंक प्राप्त किए। विद्यालय की छात्रा वर्ग की प्रधानाचार्या मंजू माथुर और छात्र वर्ग के प्रधानाचार्य मदन गोपाल शर्मा ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताते हुए कहा कि सेंट सोल्जर शिक्षा समिति गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यालय के इस शानदार परिणाम के बाद पूरे परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल है। शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया।



**टॉपर्स को मिला था सफलता का मंत्र**

कला वर्ग की टॉपर सुमन मीणा (95.40 प्रतिशत) ने बताया कि हम रोज लिख-लिखकर उत्तर लेखन का अभ्यास करते थे। मंजू मेम सामने बैठकर हमें उत्तर लिखवाती थीं, जिससे हमारी स्पीड और प्रेजेंटेशन दोनों बेहतर हुए। परीक्षा में वही अभ्यास काम आया। अन्य छात्राओं ने भी बताया कि लगातार लिखने के अभ्यास और शिक्षकों के मार्गदर्शन से आत्मविश्वास बढ़ा।

**मोटिवेशन और सही गाइडेंस से मिला शानदार रिजल्ट**

94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले केशव चौपड़ा ने कहा कि एम.जी. सर हमें लगातार मोटिवेट करते थे। उन्होंने हमें कभी हार मानने नहीं दी। शिक्षकों ने परीक्षा पैटर्न को बहुत बेहतर तरीके से समझाया, जिससे हमें पता था कि कैसे और क्या लिखना है। छात्रों ने बताया कि कॉन्सेप्ट क्लियर करने के साथ-साथ एग्जाम ओरिएंटेड तैयारी ने अच्छे अंक दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

# शिव पब्लिक स्कूल की छात्रा स्वाति गौतम ने 12वीं में हासिल किए 99 प्रतिशत अंक, रचा इतिहास

- स्वाति को मिलेगी स्विफ्ट डिजायर

**महानगर मेट्रो**

**टोंक, (पीयूष गौत्तम)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में सरोली स्थित शिव पब्लिक स्कूल ने अभूतपूर्व सफलता हासिल करते हुए टोंक जिले में नया इतिहास रच दिया। विद्यालय की छात्रा स्वाति गौतम ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अब तक के जिले के इतिहास में सर्वाधिक अंक लाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने स्वाति गौतम को स्विफ्ट डिजायर कार देने की घोषणा की है। कक्षा 12वीं के परिणाम में विद्यालय के 45 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। प्रमुख विद्यार्थियों में अरविंद चौधरी (97.60 प्रतिशत), अभिषेक चौधरी (96.80 प्रतिशत), मानसी मीणा (96.60 प्रतिशत), हिमांशु शर्मा (96.40 प्रतिशत), अमन चौधरी (96.40 प्रतिशत), गोविंद गुर्जर (95.20 प्रतिशत), प्रिया यादव (95 प्रतिशत), मानसी जायसवाल (94.80 प्रतिशत), नरेंद्र सिंह सोलंकी (94.20 प्रतिशत), मीनाक्षी यादव (93.40 प्रतिशत), जितेंद्र योगी (93.20 प्रतिशत), अस्मिता चौधरी (93.20 प्रतिशत), मनीष कीर (92.80 प्रतिशत), कुलदीप मीणा (92.20 प्रतिशत), सांवरा माली (92.20 प्रतिशत), पूजा मेहरा (91.80 प्रतिशत), कोमल जाट (91.80 प्रतिशत), खुशी स्वर्णकार (91.20 प्रतिशत), नीतू माली (91 प्रतिशत), मोहित सिंह मीणा (90.80 प्रतिशत), संदीप चौधरी (90.60 प्रतिशत), शुभम मेहरा (90.60 प्रतिशत) एवं अविनाश शर्मा (90 प्रतिशत) शामिल रहे।





**कक्षा 10 में भी टॉप, स्कूटी-लैपटॉप का इनाम**

विद्यालय के प्रबंध निदेशक पवन माहेश्वरी ने बताया कि कक्षा 10वीं में भी विद्यालय की छात्रा अक्षरा गुर्जर ने 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर छात्रा को विद्यालय द्वारा स्कूटी और लैपटॉप प्रदान किया जाएगा। अन्य मेधावी विद्यार्थियों में लक्की मीणा (96.17 प्रतिशत), जितेंद्र बैरवा (96 प्रतिशत), हिमांशु चौधरी (95.50 प्रतिशत), अक्षय चौधरी (95.50 प्रतिशत), लक्की बराला (95.17 प्रतिशत) और अजय जाट (95 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**हर कक्षा में शानदार रिजल्ट**

विद्यालय ने 5वीं और 8वीं बोर्ड में भी शानदार प्रदर्शन किया, जहां 82 विद्यार्थियों ने अ ग्रेड प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य घासी लाल बलाई ने बताया कि पूर्व में भी विद्यालय की छात्राएं सिमरन, निकिता और अनादी जैन पद्माक्षी अवार्ड में चयनित होकर जिले का नाम रोशन कर चुकी हैं। चयनित छात्राओं को सरकार की ओर से एक लाख रुपये नकद और स्कूटी दी जाएगी।

**सम्मान और इनामों की घोषणा**

प्रधानाध्यापक भंवर लाल गुर्जर ने बताया कि इस वर्ष शानदार परिणाम पर विद्यालय परिवार गौरवान्वित है।

**विजय उत्सव में–**

98 प्रतिशत+ अंक पाने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी, मोटरसाइकिल व लैपटॉप

97 प्रतिशत पर मोटरसाइकिल/स्कूटी

95 प्रतिशत पर लैपटॉप तथा 5वीं व 8वीं में अ ग्रेड पर रेंजर साइकिल देकर सम्मानित किया जाएगा। कक्षा 10 प्रभारी शंकर बराला ने बताया कि इस बार 92 विद्यार्थियों का चयन गार्गी पुरस्कार में हुआ है।

**जश्न का माहौल**

इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल रहा। शिवजीलाल चौधरी ने विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर उन्हें बधाई दी और आतिशबाजी के साथ खुशी का इजहार किया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिव पब्लिक शिक्षा समिति, सरोली ने इस सफलता को विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया।

**मेष** ARIES (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
आज का दिन आनंददायक सफलता प्रदान करने वाला रहेगा। प्रभावशाली लोगों से बातचीत बहुत ही सकारात्मक रहेगी।

**वृष** TAURUS (ई उ ए ओ वा वि वू वे वो)
वृषभ राशि वालों के लिए समय के अनुसार अपने व्यवहार में बदलाव लाना जरूरी है। बच्चों के साथ व्यवहार करते समय उन्हीं के नजरिए से देखना उचित रहेगा।

**मिथुन** GEMINI (का की कू घ ङ छ के को हा)
जातकों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। जीवन से जुड़े कुछ बदलाव होंगे।सहकर्मियों के साथ तालमेल मजबूत रहेगा।

**कर्क** CANCER (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
कर्क राशि के जातकों को आज के दिन व्यवसाय में फायदा मिलने के अवसर प्राप्त होंगे। पैसों से संबंधित मामलों में भी प्रगति होगी।

**सिंह** LEO (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
आज का दिन मिश्रित रहेगा। जीवनसाथी के साथ किसी भी प्रकार का मतभेद हो सकता है।पिछली कुछ गलतियों से सीख कर आप अपनी कार्यप्रणाली में कुछ परिवर्तन लाएंगे।

**कन्या** VIRGO (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
कन्या राशि के लोगों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा काम लेकर आएगा। जीवनसाथी की ओर से सहयोग मिलेगा। घर के सदस्यों में आपसी तालमेल प्रेम पूर्ण बना रहेगा।

**तुला** LIBRA (रा री रू रे रो ता ती तू ते)
तुला राशि के लोगों के लिए आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपको आपके फंसे हुए पैसे वापस मिल सकते हैं।नौकरी में आपके बेहतरीन कार्य की सराहना होगी।

**वृश्चिक** SCORPIO (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन परेशानियों से भरा रहेगा। सहकर्मियों के साथ विवाद हो सकता है।काम में नेतृत्व, योजना और तेज निर्णय की अपेक्षा रहेगी।

**धनु** SAGITTARIUS (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
आप अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए अधिक मेहनत करेंगे।जीवनसाथी आपकी किसी सख्त बात को गलत समझ सकते हैं, इसलिए संवाद को शांत रखें।

**मकर** CAPRICORN (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं और आज आपका अपने जीवनसाथी के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**कुंभ** AQUARIUS (गु गो सा सी सू से सो दा)
आज के दिन आप किसी भी प्रकार की यात्रा या प्रवास पर जा सकते हैं। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।काम में सफलता मिलेगी।

**मीन** PISCES (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
मीन राशि के लोगों के लिए आज का दिन आनंद लेकर आएगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में पार्टनर के साथ सामंजस्य बढ़ सकता है।

## मेरठ में सेक्स रैकेट का पर्दाफाश, WhatsApp में लड़कियों की फोटो भेज बुलाते थे ग्राहक



महानगर मेट्रो

**मेरठ।** मेरठ में पुलिस ने एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है. मामले में 3 युवतियों समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में हुए खुलासे से पुलिस भी दंग रह गई. मेरठ के दिल्ली रोड पर स्थित एक ब्यूटी पार्लर में चल रहे जिस्मफरोशी के धंधे का एएचटीयू और टीपी नगर पुलिस ने पदार्फाश किया है. टीम ने छापा मार कर यहां के मैनेजर और 3 युवतियों के साथ दो ग्राहकों को भी गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि 2 वर्षों से यह धंधा चल रहा था. यहां दिल्ली से विदेशी लड़कियों को भी बुलाया जाता था.

जानकारी के अनुसार सोमवार को दिल्ली रोड पर शारदा पैलेस के पास एक परिसर में एचडीएफसी बैंक के ऊपर मंजिल में यूनीक ब्यूटी पार्लर है. पुलिस को सूचना मिली कि यहां पिछले 2 साल से जिस्मफरोशी का धंधा किया जा रहा है. शिकायत मिलने के बाद एसपी सिटी ने एएचटीयू की टीम को साथ और सीओ ब्रह्मपुरी व टीपी नगर पुलिस को लगाकर छापेमारी कराई.

इस कार्रवाई में तीन महिला और दो ग्राहकों को पकड़ा गया. साथ ही इस केंद्र के मैनेजर सोनू को भी हिरासत में लिया गया. जांच में पता चला है कि एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया था. ग्राहकों को इस पर लड़कियों के फोटो भेजे जाते थे. पुलिस ग्रुप से जुड़े ग्राहकों की जानकारी जुटा रही है. फिलहाल इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है.

**आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस**

मेरठ के एसपी सिटी आयुष विक्रम ने बताया कि थाना टीपी नगर क्षेत्र में एक यूनीक ब्यूटी सैलून है. वहां पर अनैतिक कार्य होने की सूचना प्राप्त हुई थी. सूचना पर सीओ ब्रह्मपुरी के निर्देशन में छापेमारी की गई थी. जिसमें तीन महिलाएं और तीन पुरुष को गिरफ्तार किया गया है. पूछताछ में अनैतिक कार्य करना कबूला गया है.

मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी मिली है. जिसको सीज कर दिया गया है. जो तीन लोग गिरफ्तार किए गए हैं. उनको न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी.दिल्ली रोड पर शारदा पैलेस के पास एक परिसर में एचडीएफसी बैंक के ऊपर मंजिल में यूनीक ब्यूटी पार्लर है. पुलिस को सूचना मिली कि यहां पिछले 2 साल से जिस्मफरोशी का धंधा किया जा रहा है.

## जहांगीरपुरी में हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

महानगर मेट्रो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हनुमान जन्मोत्सव मौके पर प्रशासन ने एक बड़ा फैसला लिया है. लंबे वक्त से रुकी हुई शोभायात्रा को न केवल हरी झंडी मिल गई है, बल्कि इसके रूट का विस्तार कर अब इसे 2 किलोमीटर लंबा कर दिया गया है.दिल्ली प्रशासन ने जहांगीरपुरी इलाके में 2 अप्रैल 2026 को होने वाले हनुमान जन्मोत्सव के लिए शोभायात्रा के रूट को बढ़ाकर 2 किलोमीटर कर दिया है. यह भव्य शोभायात्रा पीएस महेंद्र पार्क क्षेत्र के जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन से शुरू होकर शाह आलम बंद रोड पर खत्म होगी. लंबे वक्त से लंबित इस यात्रा को आखिरकार अनुमति मिलने के बाद इलाके में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं.

पूरे रूट पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अलग-अलग सुरक्षा यूनिट्स की लगभग 10 कंपनियां तैनात रहेंगी. प्रशासन का अहम मकसद इस धार्मिक आयोजन को पूरी तरह सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से पूरा करवाना है. पुलिस बल और स्थानीय प्रशासन ने रूट का मुआयना करके संवेदनशील पॉइंट्स पर सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की योजना बनाई है. शोभायात्रा के दौरान यातायात और क्राउड मैनेजमेंट के लिए भी विशेष निर्देश जारी किए गए हैं.

हनुमान जन्मोत्सव की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने पूरे रूट को छावनी में तब्दील करने की तैयारी की है. सुरक्षा बलों की 10 कंपनियां चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगी, जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके. पुलिस अधिकारियों ने शांति समितियों के साथ बैठक कर स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की है और अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी है.अधिक चाक-चौबंद है. प्रशासन और पुलिस की विभिन्न टीमें 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर काम कर रही हैं. 2022 में दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हनुमान जयंती के दिन हिंसा की घटना सामने आई थी, जिसने पूरे देश का ध्यान खींचा था. यह घटना 16 अप्रैल 2022 को उस वक्त हुई, जब इलाके में शोभायात्रा निकाली जा रही थी. अचानक दो समुदायों के बीच विवाद शुरू हुआ और देखते ही देखते मामला हिंसक झड़प में बदल गया.इस झड़प में कई लोग घायल हुए. हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को बड़ी संख्या में फोर्स तैनात करनी पड़ी और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद स्थिति को काबू में लाया गया.

# यूपी में आज से कई नियमों में बदलाव

## हाइवे पर यात्रा महंगी,ओला-उबर का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

महानगर मेट्रो

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में कई नियमों में नए वित्तीय वर्ष 2026-27 से बदलाव होने जा रहा है। आम लोगों की जेब पर भी इन नियमों का असर पड़ने वाला है। प्रदेश के हाइवे पर चलना अब महंगा होने वाला है। वहीं, प्रॉपर्टी रजिस्ट्री भी महंगी होने वाली है। इस पर दो फीसदी अतिरिक्त विकास शुल्क अदा करना होगा। टोल प्लाजा पर कैश भुगतान को भी पूरी तरह से बंद किए जाने का फैसला लिया गया है। किसानों के लिए नए साल में राहत की खबर है। गेहूं की एमएसपी पर बढ़ोत्तरी का लाभ नए साल में बिक्री करने वाले किसानों को मिलेगा। नए साल में कई बैंक एटीएम विड्रावल को लेकर नियमों में बदलाव करने जा रहे हैं। बैंकों ने यूपीआई पेमेंट को भी एटीएम विड्रावल से जोड़ने के नियम बनाए हैं। एनएचएआई की ओर से सालाना टोल टैक्स रिवीजन के क्रम में टैक्स दरों में वृद्धि का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रदेश के सभी हाइवे पर टोल दरें पांच से 45 रुपये तक महंगी हो गई है। साथ ही, एनएचएआई की ओर से फास्टैग के सालाना



पास की फीस 3000 से बढ़ाकर 3075 रुपये कर दी गई है। टोल प्लाजा पर कैश भुगतान को बंद कर फास्टैग या यूपीआई भुगतान ही मान्य होगा।

प्रदेश में ओला-उबर जैसी कंपनियों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन के बाद यह निर्णय हुआ है। पांच साल बाद रजिस्ट्रेशन का रिन्यूअल कराना अनिवार्य होगा। साथ ही, ओला-उबर जैसी सेवाओं के मामले में अब बुकिंग कैंसिल करने पर ड्राइवर और यात्री दोनों पर 10 फीसदी का जुमार्ना लगेगा। इन सेवाओं को देने वाले ड्राइवर का पुलिस वैरिफिकेशन, मेडिकल टेस्ट और फिटनेस टेस्ट कराना भी अनिवार्य किया गया है।

प्रदेश में जमीन विवाद से जुड़े मामलों को लेकर कई नियमों में बदलाव किया गया है। प्रॉपर्टी बेचने वाले की पहचान का रिकॉर्ड अब खतौनी यानी लैंड रिकॉर्ड से क्रॉस-चेक होगा। स्टांप निबंधन विभाग प्रॉपर्टी के 'मालिकाना हक' की जांच करेगा। स्टांप शुल्क को लेकर निर्णय लिया गया है कि अब यह सर्किल रेट के आधार पर निर्धारित होगा।

नगर निगम सीमा में प्रॉपर्टी रजिस्ट्री पर दो फीसदी अतिरिक्त डेवलपमेंट शुल्क देना होगा। स्लॉट बुक कर रजिस्ट्री होगी। इसके लिए एक घंटे का समय दिया जाएगा। निर्धारित समय में ही रजिस्ट्री करानी होगी। अगर निर्धारित समय में रजिस्ट्री नहीं कराई तो नया स्लॉट बुक करना पड़ेगा।राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में गेहूं खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी में 160 रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। प्रदेश में गेहूं की सरकारी खरीद मूल्य अब बढ़ाकर 2585 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। इसके अलावा किसानों को गेहूं की उतराई, छनाई और सफाई के लिए 20 रुपये प्रति क्विंटल अलग से दिया जाएगा।

# दिल्ली में रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा अधिकारी



महानगर मेट्रो

**नई दिल्ली ।** दिल्ली में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जांच एजेंसी ने एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से सरकारी तंत्र में ह-ड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, शाहदरा नॉर्थ जोन में तैनात डिप्टी कमिश्नर अभिषेक कुमार मिश्रा को 4 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। आरोप है कि वह अपने पद का दुरुपयोग कर अवैध लाभ लेने में शामिल थे।

बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले की शुरूआत एक शिकायत से हुई थी, जिसमें अधिकारी पर रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप लगाए गए थे। शिकायत मिलने के बाद जांच एजेंसी ने पूरी योजना के तहत जाल बिछाया और ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया।

कार्रवाई के दौरान आरोपी अधिकारी को रिश्वत लेते समय रंगे हाथ पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी से पहले एजेंसी ने पर्याप्त साक्ष्य जुटाए थे, जिससे मामला और मजबूत हो गया।

गिरफ्तारी के बाद अधिकारी से गहन पूछताछ की जा रही है। जांच एजेंसी अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस मामले में कोई और अधिकारी या बड़ा नेटवर्क शामिल तो नहीं है।

इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और पूरे मामले की गहराई से जांच जारी रहेगी।स कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और पूरे मामले की गहराई से जांच जारी रहेगी।

# महोबा में विभाग की बड़ी लापरवाही: मृत सहायिका को भेजा ड्यूटी नोटिस

महानगर मेट्रो

**महोबा।** महोबा में बाल विकास विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करने वाला चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां 18 महीने पहले मृत हो चुकी आंगनबाड़ी सहायिका को ड्यूटी से गैरहाजिर बताकर कारण बताओ नोटिस भेज दिया गया।मामला पनवाड़ी विकास खंड के नैपुरा गांव का है। मृत सहायिका पार्वती देवी आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत थीं। उनके पति किशनलाल के अनुसार बीमारी के चलते करीब डेढ़ साल पहले ही उनका निधन हो गया था। उन्होंने बताया कि पत्नी की मृत्यु के आठ दिन के भीतर ही मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधित विभाग में जमा कर दिया गया था, ताकि सरकारी अभिलेख अपडेट हो सकें।इसके बावजूद बाल विकास विभाग ने पार्वती देवी के नाम नोटिस जारी कर दिया।

नोटिस में कहा गया कि निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिला और सहायिका अनुपस्थित पाई गईं, जिसके चलते योजनाओं का सत्यापन नहीं हो सका।नोटिस में यह भी आरोप लगाए गए कि पोषण से जुड़ी योजनाओं का कार्य पूरा नहीं किया गया, प्रचार-प्रसार नहीं हुआ और सहायिका गांव में निवास नहीं कर रही थीं। इतना ही नहीं, विभाग ने दो दिन के भीतर जवाब देने का अल्टीमेटम भी दिया और चेतावनी दी कि जवाब न मिलने पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी।यह नोटिस सामने आने के बाद मृतका के परिजन स्तब्ध हैं। उनका कहना है कि जब मृत्यु प्रमाण पत्र पहले ही जमा कराया जा चुका है, तो फिर इस तरह का नोटिस कैसे जारी हो गया।इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी नाराजगी है और विभाग की लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं। परिजनों ने इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन से करने की बात कही है।वहीं अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई



की जाएगी। यह घटना सरकारी व्यवस्था की लापरवाही को उजागर करती है, जहां रिकॉर्ड अपडेट न होने के कारण ऐसी गंभीर चूक सामने आई है।पत्नी की मृत्यु के आठ दिन के भीतर ही मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधित विभाग में जमा कर दिया गया था, ताकि सरकारी अभिलेख अपडेट हो सकें।इसके बावजूद बाल विकास विभाग ने पार्वती देवी के नाम नोटिस जारी कर दिया।

नोटिस में कहा गया कि निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिला और सहायिका अनुपस्थित पाई गईं, जिसके चलते योजनाओं का सत्यापन नहीं हो सका।नोटिस में यह भी आरोप लगाए गए कि पोषण से जुड़ी योजनाओं का कार्य पूरा नहीं किया गया, प्रचार-प्रसार हैं। उनका कहना है कि जब मृत्यु प्रमाण पत्र पहले ही जमा कराया जा चुका है, तो फिर इस तरह का नोटिस कैसे जारी हो गया।इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी नाराजगी है और विभाग की लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं।

परिजनों ने इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन से करने की बात कही है।वहीं अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।यह घटना सरकारी व्यवस्था की लापरवाही को उजागर करती है, जहां रिकॉर्ड अपडेट न होने के कारण ऐसी गंभीर चूक सामने आई है।

### कानपुर में ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप, विरोध करने पर मारपीट और बंद कमरे में प्रताड़ना

## तंत्र-मंत्र के नाम पर बहू से अत्याचारः दहेज की मांग संग जबरन अपमान

महानगर मेट्रो

**कानपुर।** कानपुर में एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर तंत्र-मंत्र के नाम पर प्रताड़ना, जबरदस्ती और दहेज मांगने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।महिला का आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल में आधी रात को तंत्र-मंत्र की पूजा कराई जाती थी। उसे बताया गया कि इसी पूजा से परिवार को धन-संपत्ति मिली है और इसमें शामिल होने के लिए अजीब नियम मानने होंगे। जब उसने इसका विरोध किया तो पति और ससुर ने जबरदस्ती की और उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। पीड़िता के अनुसार विरोध करने पर उसे कमरे में बंद कर दिया गया



और मारपीट की गई। इतना ही नहीं, उस पर दो करोड़ रुपये और एक किलो सोना लाने का दबाव भी बनाया गया। महिला का कहना है कि यह घटनाएं एक बार नहीं, बल्कि कई बार दोहराई गईं।

उसने अपने पति पर भी साथ न देने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि पति हमेशा परिवार का पक्ष लेते रहे और उसे ही दोषी ठहराते थे। लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर वह जनवरी 2025 में मायके लौट आई और परिजनों को पूरी घटना बताई। परिजनों की शिकायत पर महिला थाने में पति, सास, ससुर समेत अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी आरोपों की जांच की जा रही है और साक्ष्य के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।सभी आरोपों की जांच की जा रही है और साक्ष्य के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# डेढ़ साल की बेटी के सामने मां की हत्या



महानगर मेट

**दिल्ली।** दिल्ली के पुल प्रह्लादपुर इलाके में एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी. सबसे बड़ी बात जिस वक्त उसने हत्या को अंजाम दिया, उस वक्त उसकी बेटी मौजूद थी. हत्या के बाद आरोपी पति मौके से भागा भी नहीं और अपनी बेटी को गोद में लेकर बैठा रहा.पुल प्रह्लादपुर इलाके से रिश्तों से भरोसा उठने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. जहां एक पति ने अपने पत्नी के सिर पर सिलेंडर से वार कर मौत के घाट उतार दिया. इस वारदात को उस समय अंजाम दिया गया, जब मृतक महिला की डेढ़ साल की बेटी मौके पर मौजूद थी. फिलहाल पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है. मृतक महिला की पहचान पूनम के रूप में हुई है. जबकि आरोपी पति की पहचान सुरेश के रूप में हुई है. जानकारी के मुताबिक दोनों की शादी 2020 में हुई थी और उनके दो बच्चे हैं. एक चार साल की बेटी और एक डेढ़ साल की. वारदात के समय डेढ़ साल की बच्ची दोनों के साथ थी. हत्या को डीडीए फ्लैट इलाके के एक फ्लैट में अंजाम दिया गया. सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है पड़ोसियों ने बताया कि इलाके के डीडीए फ्लैट के एक फ्लैट में पति-पत्नी अपनी 2 बच्चियों के साथ रहते थे. पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर रविवार को झगड़ा हुआ और इसी दौरान गुस्से में पति ने खाना बनाने वाला छोटा सिलेंडर उठाकर अपनी पत्नी पर ताबड़तोड़ वार करने लगा. जिस समय पति इस वारदात को अंजाम दे रहा था, उस समय उसकी डेढ़ साल की बेटी भी वहीं मौजूद थी. बेटी अपनी मां को बचाने के लिए बचाओ-बचाओ की आवाज लगा रही थी.पत्नी की हत्या के बाद बेटी को गोद में लेकर बैठा था आरोपी पतिबच्ची की आवाज सुनकर पड़ोसी फ्लैट के दरवाजे तक पहुंचे और जब दर-वाजा खुलवाया तो देखा कि पत्नी जमीन पर गिरी पड़ी है. जबकि पति अपने गोद में बेटी लिया हुआ है. जिसके बाद लोगों ने पति को पकड़ा और पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है. पुलिस ने बताया कि एक पति ने अपनी बेटी के सामने सिलेंडर से मारकर पत्नी की हत्या कर दी.

# टेनिस के दिग्गज लिएंडर पेस की सियासत में एंट्री, बीजेपी में शामिल होकर बढ़ाई हलचल

# बंगाल चुनाव से पहले बड़ा कदम, पहले तृणमूल से जुड़ चुके पेस अब बदले खेमे

महानगर मेट्रो

। पश्चिम बंगाल की राजनीति में चुनाव से पहले बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। भारतीय टेनिस जगत के दिग्गज लिएंडर पेस ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। उनके इस फैसले को आगामी विधानसभा चुनावों के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।मंगलवार 31 मार्च को कोलकाता में उन्होंने औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इससे पहले उनकी मुलाकात पार्टी नेतृत्व से हुई थी, जिसके बाद से ही उनके बीजेपी में शामिल होने की चर्चा तेज हो गई थी।

लिएंडर पेस के इस कदम की खास बात इस-की टाइमिंग है। चुनावी माहौल के बीच उनका पार्टी में आना बीजेपी के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे पहले पेस साल 2021 में तृणमूल कांग्रेस से जुड़े थे और 2022 में गोवा विधानसभा चुनावों के दौरान उन्होंने पार्टी के लिए प्रचार भी किया था। हालांकि उन्होंने खुद कभी चुनाव नहीं लड़ा।बीजेपी में शामिल होने के बाद पेस ने कहा कि उनका बंगाल से गहरा जुड़ाव है, क्योंकि उनकी मां यहीं की रहने वाली हैं। उन्होंने राज्य में खेल सुविधाओं को मजबूत



करने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि बच्चों को बेहतर अवसर देने के लिए खेल ढांचे को विकसित करना जरूरी है।उन्होंने यह भी कहा कि खेलों में समान अवसर और सम्मान जरूरी है। उदाहरण देते हुए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ियों को मिलने वाली समान इनामी राशि का जिक्र किया और भारत में भी खेलों को आगे बढ़ाने की बात कही।पार्टी नेताओं ने भी पेस के शामिल होने का स्वागत किया। उनका मानना है कि पेस जैसे बड़े खिलाड़ी का साथ मिलने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और युवाओं के बीच सकारात्मक संदेश जाएगा।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, बंगाल की राजनीति में मशहूर हस्तियों का प्रभाव महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में पेस का बीजेपी में शामिल होना चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकता है।

हालांकि यह अभी साफ नहीं है कि पेस चुनाव लड़ेंगे या नहीं, लेकिन उनके इस कदम ने सियासी माहौल को जरूर गरमा दिया है। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि उनका यह फैसला चुनावी नतीजों पर कितना असर डालता है।आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि उनका यह फैसला चुनावी नतीजों पर कितना असर डालता है।

CMYK

## बाबा विश्वनाथ की शरण में सीएम मोहन यादव अधिकारियों से समझा कॉरिडोर का भीड़ प्रबंधन



**महानगर मेट्रो**

**भोपाल** । एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव 31 मार्च को वाराणसी पहुंचे। यहां मोहन यादव ने बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन किए और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का भ्रमण किया। उन्होंने यहां क्राउड फ्लो डिजाइन, इंफ्रास्ट्रक्चर, तीर्थयात्री प्रबंधन प्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने काशी विश्वनाथ कॉरि-डोर भीड़ प्रबंधन प्रजेंटेशन देखा है। इसके बाद सीएम ने मंदिर परिसर में ही अधिकारियों के साथ बैठक की है। इस दौरान मंदिर प्रबंधन से जुड़ीं कई अहम जानकारियां भी लीं।

एमपी और यूपी के बीच संबंध करना है मजबूत

वहीं, सीएम मोहन यादव की यात्रा मकसद है कि यूपी और एमपी के बीच संबंध और मजबूत हो। इसके साथ ही सीएम ने मां गंगा के कई तटों का अवलोकन भी किया। उन्होंने गंगा की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के साथ संवाद भी किया। सीएम मोहन यादव ने कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का प्रबंधन बहुत अच्छा लगा। इसकी श-रूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। उसके साथ ही, यहां के निवासियों ने इस निर्णय को स्वीकार बड़ा योगदान दिया। पूरे विश्व की भगवान शंकर पर आस्था है।

**लघु उद्योगों पर फोकस**

मोहन यादव ने कहा कि ओडीओपी को लेकर उत्तर प्रदेश में बहुत अच्छा काम हुआ है। सीएम योगी आदित्यनाथ और उनकी टीम का इसमें बड़ा योगदान है। हमारी सरकार भी इस पर बड़ा काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हम इस पर चर्चा करेंगे कि दोनों राज्यों के बीच क्या बेहतर हो सकता है। हम धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ लघु उद्योगों पर भी ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह उत्तर प्रदेश में बनारसी साड़ी की विरासत रही है, उसी तरह मध्यप्रदेश में चंदेरी, महेश्वरी साड़ी सहित लघु उद्योगों पर काम हो रहा है।

सिंहस्थ में हम चाहते हैं ऐसा ही प्रबंधन

सीएम मोहन यादव ने कहा कि जिस तरह बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर में भीड़ प्रबंधन हो रहा है, उसी तरह का प्रबंधन हम सिंहस्थ में भी चाहते हैं। हमारा दौरा उसी की जानकारी लेने और योजना बनाने के लिए है। सभी राज्यों में बेहतर धार्मिक पर्यटन की व्यवस्था हो, धार्मिक पर्यटन से लोगों की जिंदगी में बदलाव आए, इस पर विचार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महाकाल लोक बनने के बाद पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था बदल गई है। इसी तरह काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने के बाद यहां भी बदलाव आया है। सभी लोगों को साथ मिलाकर विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। उन्होंने कहा कि हम बाबा महाकाल और काशी विश्वनाथ को लेकर योजनाओं-जानकारियों का आदान-प्रदान करेंगे। इसके लिए हम एमओयू भी साइन करेंगे। हम प्रयास करेंगे कि दर्शन के लिए जनता को बेहतर से बेहतर सुविधा मिले। यहां हाल ही में प्रयागराज कुंभ हुआ है और उज्जैन में सिंहस्थ होने वाला है। ऐसे में सुगमता बनी रहे, सारी व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए हमने प्रजेंटेंशन भी देखा।

गरीबों की जिंदगी हो बेहतर

उन्होंने कहा कि मैं यहां एक और कारण से भी आया हूं। दोनों राज्यों के युवाओं को रोजगार मिले, गरीबों की जिंदगी बेहतर हो, उत्पादों

## भारी ओलावृष्टि से सफेद हुआ पुणे,मौसम विशेषज्ञों ने सतर्क रहने की हिदायत दी



**महानगर मेट्रो**

**पुणे** । पुणे सहित महाराष्ट्र के कई हिस्सों में सोमवार को अचानक भारी बारिश और ओलावृष्टि ने सब कुछ अस्त-व्यस्त कर दिया. मौसम विज्ञानियों के अनुसार इस अप्रत्याशित बदलाव के पीछे अरब सागर से आने वाली नमी और निचले वायुमंडल में अस्थिरता मुख्य कारण हैं. बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में अचानक गिरावट आई, जिससे लोगों को बढ़ती गर्मी से कुछ राहत मिली.

विशेषज्ञ बताते हैं कि पश्चिमी भारत में बदलती वायुमंडलीय परिस्थितियां और नमी का प्रवाह इस मौसम की अस्थिरता के लिए जिम्मेदार हैं. पुणे और आसपास के पश्चिमी घाटों में बादल छाए हुए हैं और दिनभर छिटपुट बारिश की संभावना है. बता दें कि ओलावृष्टि तब होती है जब गरज वाले बादलों में तेज हवाएं बारिश की बूंदों को ऊंची और ठंडी परतों में ले जाती हैं, जहां ये जमकर ओलों के रूप में गिरती हैं. यह प्रक्रिया खासतौर पर मॉनसून से पहले के मौसम में अधिक देखने को मिलती है.राज्यभर में आने वाले दिनों में बारिश की तीव्रता धीरे-धीरे बढ़ सकती है और मुंबई सहित अन्य शहरों में सप्ताह के मध्य तक बारिश होने की संभावना जताई जा रही है. तेज हवाओं और गरज-चमक वाले तूफानों से जलभराव और यातायात में देरी जैसी परेशानियों का खतरा बढ़ सकता है.मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा स्थिति देश के विभिन्न हिस्सों में कई प्रणालियों के एक साथ सक्रिय होने के कारण बनी है. निवासियों को मौसम पूवार्नुमानों पर ध्यान देने और तूफान के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी जा रही है.उत्तरी भारत में भी मौसम अस्थिर बना हुआ है. दिल्ली में हल्की बारिश दर्ज की गई और मौसम विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. इस अलर्ट में धूल भरी आंधी, गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और 50-70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं की चेतावनी दी गई है.

### कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने कहा- इससे महिलाएं सशक्त नहीं हो रहीं

# फ्रीबीज योजनाएं बंद हो,यह हानिकारक है

**महानगर मेट्रो**

**भोपाल** । मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में तीन राज्यों के युवा विधायकों का सम्मेलन चल रहा है। इस सम्मेलन में एमपी, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के युवा विधायक आए हुए हैं। एमपी कांग्रेस के युवा विधायक हेमंत कटारे ने इस सम्मेलन में अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए फ्रीबीज योजनाएं ठीक नहीं हैं। उनके खाते में पैसे डालने से वह सशक्त नहीं हो रही हैं।जनप्रतिनिधि होने के बाद हम बहुत कमजोर हो जाते हैं

कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने कहा कि हम जनप्रतिनिधि होने के बाद बहुत कमजोर हो जाते हैं। लेकिन पूरे देश के लिए हम एक बात कहना चाहेंगे। हम



कई बार बोलने से पहले यह सोचते हैं कि ऐसा कह दिया तो ये और वो वर्ग नाराज हो जाएगा। मैंने ऐसा बोल दिया तो महिलाएं नाराज हो जाएंगी। अगर हम नाराजगी से घबराते रहें तो देश की सेवा कब करेंगे।पूरे देश में बंद हो फ्री बीज की योजनाएंवहीं, हेमंत कटारे ने कहा कि जितनी भी फ्रीबीज योजनाएं हैं, ये बंद होनी चाहिए। मैं यहां भी कह रहा हूं और यहां से बाहर भी कहूंगा। उन्होंने कहा कि मैं जो कहता हूं, उससे मुकरता नहीं हूं। हम कहते हैं कि महिलाओं के खाते में रुपए डालकर उन्हें सशक्त बना रहे हैं। आप कैसे सशक्त बना रहे हैं। आप उनकी खातों में 10000 रुपए डालकर कह रहे हैं कि वो सशक्त हैं। वो सशक्त नहीं हैं।अगर आपको महिलाओं को सशक्त बनाना है तो आप उन्हें पैसे मत दीजिए। भारत की हर महिला के अंदर काबिलियत है। उसका आप उपयोग करेंगे तो वह सशक्त हो जाएंगी। आवश्यकता ही अविष्कार की जननी है। हम अगर सीधे पैसे देने लगेंगे तो वह काम क्यों करेगी। अगर कोई गरीब है तो हम उसकी शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च करें।

हेमंत कटारे मध्य प्रदेश कांग्रेस के युवा विधायक हैं वह विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष थे कुछ दिन पहले कटारे ने अपने पद से दे दिया था इस्तीफा

## स्कूल से छात्रा को उठाता,होटल में करता दुष्कर्म...

**महानगर मेट्रो**

**नागपुर** । नागपुर में एक स्कूली छात्रा से रेप का मामला सामने आया है. मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी छात्रा को स्कूल गेट से उठा लेता था और होटल में ले जाकर दुष्कर्म करता था.

पहले इंस्टाग्राम पर दोस्ती की फिर आठवीं की छात्रा को स्कूल से ले जाकर कई बार होटल में किया दुष्कर्म. ये मामला महाराष्ट्र के नागपुर का है. जहां कक्षा 8वीं में पढ़ने वाली 13 वर्षीय छात्रा की एक लड़के से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई. फिर उसी दोस्त ने नाबालिग छात्रा को अपने प्रेम जाल में ऐसे फंसा लिया कि छात्रा स्कूल में जाने के बजाय आरोपी संग घूमने-फिरने के नाम पर होटल पहुंच जाती थी. जहां आरोपी लड़की के साथ दुष्कर्म करता था. दरअसल ये पूरा मामला नागपुर के सदर थाना के अंतर्गत का है. इस मामले का आरोपी करण केशव केसी है. आरोपी नाबालिग छात्रा को लेकर एक होटल में ले आता था और उसके साथ दुष्कर्म करता था. करण से पीड़ित छात्रा की



मुलाकात इंस्टाग्राम पर हुई थी. इसके बाद आरोपी 18 मार्च को लड़की के स्कूल के पास पहुंचा. उसने लड़की को स्कूल जाने की बजाय उसके साथ चलने का पहले ही बता चूका था.ऐसे में तय योजना के तहत सुबह 7 बजे करण लड़की को स्कूल के सामने से दोपहिया पर बिठाकर एक शौचालय में ले गया. वहां लड़की ने स्कूल यूनिफॉर्म बदली. इसके बाद करण उसे फ्रेंड्स कॉलोनी की सिल्वर सूट्स होटल में ले गया. उसे पता था कि लड़की के नाबालिग होने से उसे कमरा हासिल करने में परेशानी हो सकती है. ऐसे में उसने उसकी जगह पर दूसरी युवती का आधार कार्ड भी रख लिया था.ऐसे गिरफ्तार हुआ लड़का होटल में कमरा लेने के बाद उसने छात्रा से दुष्कर्म किया. हालांकि, इसके बाद वह फिर 27 मार्च को लड़की के स्कूल पहुंचा. फिर लड़की का यूनिफॉर्म बदलवाया और होटल में ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए. करण के झांसे में आने से लड़की स्कूल नहीं जा रही थी. ऐसे में स्कूल वालों ने लड़की की मां को मैसेज भेजा और उसके स्कूल नहीं आने का कारण भी पूछा.जिसे बाद मां ने बेटी को भरोसे में लेकर पूछताछ की. तब उसने पूरी बात बताई. जिसके बाद उसकी मां ने सदर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने रेप व पॉक्सो के तहत मामला दर्ज कर करण को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और जांच की जा रही है.जिसके बाद उसकी मां ने सदर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने रेप व पॉक्सो के तहत मामला दर्ज कर करण को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है

## एक ही व्यक्ति की फोटो लगाकर 84 सिम कार्ड बेचने वाला गिरफ्तार

### पुलिस ने धोखाधड़ी और पहचान चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू



**महानगर मेट्रो**

**देवास** । देवास में पुलिस ने एक एजेंट को गिरफ्तार किया, जिसने एक ही फोटो से 84 फर्जी सिम कार्ड जारी किए. आरोपी अबरार उर्फ अरबाज उर्फ अब्दुल ने एजेंटों की मदद से यह धोखाधड़ी की. जांच में केवल 16 सिम के दस्तावेज मिले. मामला 'ऑपरेशन ऋअ.उ.ए.' के तहत सामने आया. पुलिस ने धोखाधड़ी और पहचान चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू की है और सिम विक्रेताओं को सख्त चेतावनी दी है.मध्य प्रदेश के देवास जिले में पुलिस ने एक बड़े फजीर्वाड़े का खुलासा करते हुए दूरसंचार कंपनियों के एक एजेंट को गिरफ्तार किया है. आरोपी पर एक ही फोटो का इस्तेमाल कर अलग-अलग लोगों के नाम पर 84 सिम कार्ड जारी करने का आरोप है. कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान अबरार उर्फ अरबाज उर्फ अब्दुल के रूप में हुई है. वह दूरसंचार कंपनियों के लिए एजेंट के तौर पर काम करता था. पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने एक ही फोटो का उपयोग कर कई लोगों के नाम पर सिम कार्ड जारी किए और इस तरीके से अवैध लाभ कमाया. इस मामले में उसके साथ कुछ अन्य लोगों की संलिप्तता की भी आशंका जताई जा रही है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पूरे गिरोह की जांच जारी है.16 ग्राहकों के आवेदन फॉर्म मिलेभोपाल स्थित पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित 'ऑपरेशन F.A.C.'के.तहत देवास पुलिस ने एक बड़े फर्जी सिम कार्ड मामले का पदार्फाश किया है. अबरार देवास जिले के सोनकच्छ थाना क्षेत्र के गंधर्वपुरी का रहने वाला है. पुलिस के अनुसार, उसने खुद और कुछ पॉइंट ऑफ सेल एजेंटों की मिलीभगत से यह फजीर्वाड़ा किया. हैरानी की बात यह है कि इन 84 सिम कार्डों में से सिर्फ 16 ही ग्राहक आवेदन फॉर्म उपलब्ध हो पाए हैं.पुलिस की पड़ताल में यह भी सामने आया कि आरोपी ने 8 सिम कार्ड खुद सत्यापित कर जारी किए, जबकि 8 अन्य सिम कार्ड एजेंटों के जरिए जारी कराए गए, जिनमें भी उसकी ही तस्वीर का इस्तेमाल हुआ.इस मामले में कोतवाली थाने में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, पहचान की चोरी और दूरसंचार से जुड़े कानूनों के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है. पुलिस अब यह जानने की कोशिश कर रही है कि इन फर्जी सिम कार्डों का इस्तेमाल किन गतिविधियों में किया जा रहा है.देवास पुलिस ने सिम विक्रेताओं से कार्रवाई की जाएगी.

## अल्ट्रासाउंड ने दिखाए दो, जन्मे तीन इंदौर में अनोखा मामला,

**महानगर मेट्रो**

**इंदौर।** इंदौर के एक सरकारी अस्पताल में चिकित्सा जगत को चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 27 वर्षीय महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया, जबकि जांच रिपोर्ट में केवल दो बच्चों की ही जानकारी मिली थी।

यह अनोखा प्रसव कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल में हुआ। डॉक्टरों के अनुसार, अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में दो बच्चों की पुष्टि हुई थी, जिससे चिकित्सा टीम उसी के अनुसार तैयार थी। लेकिन प्रसव के दौरान स्थिति अचानक बदल गई।

महिला ने पहले दो बेटियों को जन्म दिया। इसके बाद डॉक्टरों को अनुभव हुआ कि गर्भ में अभी एक और शिशु मौजूद है। तुरंत सतर्कता बरतते हुए टीम ने स्थिति संभाली और कुछ ही देर में महिला ने एक बेटे को भी जन्म दिया। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम से डॉक्टर भी हैरान रह गए।



जानकारी के अनुसार, महिला पीथमपुर क्षेत्र की निवासी है और यह उसका दूसरा प्रसव था। तीनों बच्चे समय से पहले जन्मे हैं, जिनका वजन करीब डेढ़ से दो किलोग्राम के बीच बताया जा रहा है। फिलहाल सभी नवजातों को विशेष देखभाल में रखा गया है।

डॉक्टरों का कहना है कि इस तरह के मामलों में जोखिम काफी ज्यादा होता है, खासकर तब जब पहले से पूरी जानकारी उपलब्ध न हो। बावजूद इसके, चिकित्सा टीम की तत्परता और सूझबूझ के चलते प्रसव सुरक्षित तरीके से पूरा कराया गया।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार, जच्चा और तीनों बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हैं और लगातार उनकी निगरानी की जा रही है।

यह मामला चिकित्सा क्षेत्र में एक दुर्लभ उदाहरण बन गया है, जहां रिपोर्ट और वास्तविकता में अंतर के बावजूद डॉक्टरों ने समय रहते स्थिति को संभालकर एक बड़ी सफलता हासिल की।डॉक्टरों का कहना है कि इस तरह के मामलों में जोखिम काफी ज्यादा होता है, खासकर तब जब पहले से पूरी जानकारी उपलब्ध न हो। बावजूद इसके, चिकित्सा टीम की तत्परता और सूझबूझ के चलते प्रसव सुरक्षित तरीके से पूरा कराया गया।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार, जच्चा और तीनों बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हैं और लगातार उनकी निगरानी की जा रही है।

## हाईकोर्ट से शिंदे गुट के विधायक को झटका, गलत हलफनामे पर चलेगा मुकदमा

**महानगर मेट्रो**

**मुंबई** । बॉम्बे हाई कोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने शिंदे गुट के विधायक अमोल खताल को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने उनके द्वारा दायर वह अर्जी खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ दाखिल चुनाव याचिका को रद्द करने की मांग की थी। अब इस मामले में ट्रायल जारी रहेगा।

यह याचिका कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट ने दायर की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अमोल खताल ने चुनावी हलफनामे में अपनी आय और बकाया कर की सही जानकारी नहीं दी।थोराट के अनुसार, खताल ह्यनीलकमलह्ण नाम की



एक फर्म से जुड़े हुए हैं, जिस पर कर बकाया है। आरोप है कि खताल ने अपने हलफनामे में स-रकारी बकाया शून्य बताया, जबकि वास्तव में हजारों रुपये का बकाया मौजूद है।वहीं, खताल ने अपने बचाव में कहा कि वह अब उस फर्म से जुड़े नहीं हैं और फर्म भंग हो चुकी है। लेकिन कोर्ट ने इस दलील को इस चरण में स्वीकार करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्रथम दृष्टया मामला बनता है और इसकी विस्तृत जांच जरूरी है।कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह मामला जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत आता है, जिसके आधार पर चुनाव को अमान्य घोषित किया जा सकता है।अब इस मामले की अगली सुनवाई 7 मई को होगी। इस फैसले के बाद खताल की विधायकी पर खतरा मंडराने लगा है और राजनीतिक हलकों में इसे लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। इस फैसले के बाद खताल की विधायकी पर खतरा मंडराने लगा है और राजनीतिक हलकों में इसे लेकर चचाएं तेज हो गई हैं।

### पुल-सड़क निर्माण के लिए हुआ फैसला,

## कराड-चिपलून हाईवे पर 2 महीने के लिए भारी वाहनों पर प्रतिबंध

**महानगर मेट्रो**

**मुंबई।** कराड-चिपलून नेशनल हाईवे को लेकर बड़ी खबर आई है। कोंकण और पश्चिमी महाराष्ट्र क्षेत्रों को जोड़ने वाले इस हाईवे पर भारी वाहनों की आवाजाही को दो महीने की अवधि के लिए पूरी तरह से रोक दिया गया है। हालांकि इस दौरान हल्के वाहन इस हाईवे पर चलते रहेंगे। यह ट्रैफिक डायवर्जन 27 मई तक लागू रहेगा। सतारा जिले के पुलिस अधीक्षक तुषार दोषी ने लोगों से अपील की है कि वे ट्रैफिक मार्गों में इन बदलावों पर ध्यान दें और पुलिस अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करें।

**60 दिनों तक चलेगा काम**

कराड-चिपलून नेशनल हाईवे पाटन पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र से होकर गुजरता है। इस पर पाटन शहर में धांडे पुल के पुनर्निर्माण और स्थानीय बाजार क्षेत्र के भीतर सड़क पर कंक्रीट-टंग के काम को पूरा करने के लिए 60 दिनों की अवधि की जरूरत है। नतीजतन काम पूरा होने तक इस मार्ग पर ट्रैफिक को वैकल्पिक रास्तों पर मोड़ दिया गया है।सतारा जिला प्रशासन ने इस मामले के संबंध में एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। ट्रैफिक के सुचारू आवागमन और नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए उन खास जगहों पर पुलिस कर्मियों



को तैनात किया गया है जहां ट्रैफिक को मोड़ा जा रहा है। सतारा जिले के पुलिस अधीक्षक तुषार दोषी ने जनता से अपील की है कि वे ट्रैफिक मार्गों में इन बदलावों पर ध्यान दें और पुलिस अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करें।**संशोधित ट्रैफिक रूट इस प्रकार हैं:**- कराड और उमराज की तरफ से चिपलून की ओर जाने वाले भारी वाहन नेशनल हाईवे नंबर 04 के रास्ते आगे बढ़ेंगे। वे पाचवड फाटा, उंडाले, कोकरुड, मलकापुर, अंबा घाट और संगमेश्वर से होते हुए चिपलून पहुंचेंगे।- चिपलून से कराड और उमराज की ओर जाने वाले भारी वाहन संगमेश्वर, अंबा घाट, मलकापुर, कोकरुड, उंडाले और पाचवड फाटा (नेशनल हाईवे नंबर 04 पर) के रास्ते कराड और उमराज की ओर आगे बढ़ेंगे।- कराड और उमराज की तरफ से चिपलून की ओर जाने वाले सभी हल्के वाहन नवरस्ता, गव्हाणवाड़ी फाटा और नेराले गोंड के रास्ते आगे बढ़ेंगे और मुख्य कराड-चिपलून हाईवे पर चलते हुए चिपलून पहुंचेंगे।- चिपलून से कराड और उमराज की ओर जाने वाले सभी हल्के वाहन नेराले गोंड, गव्हाणवाड़ी फाटा और नवरस्ता के रास्ते कराड और उमराज की ओर आगे बढ़ेंगे।- चिपलून से कराड और उमराज की ओर जाने वाले भारी वाहन संगमेश्वर, अंबा घाट, मलकापुर, कोकरुड, उंडाले और पाचवड फाटा (नेशनल हाईवे नंबर 04 पर) के रास्ते कराड और उमराज की ओर आगे बढ़ेंगे। कराड और उमराज की तरफ से चिपलून की ओर जाने वाले सभी हल्के वाहन नवरस्ता, गव्हाणवाड़ी फाटा और नेराले गोंड के रास्ते आगे बढ़ेंगे और मुख्य कराड-चिपलून हाईवे पर चलते हुए चिपलून पहुंचेंगे।

- चिपलून से कराड और उमराज की ओर जाने वाले सभी हल्के वाहन नेराले गोंड, गव्हाणवाड़ी फाटा और नवरस्ता के रास्ते कराड और उमराज की ओर आगे बढ़ेंगे।

